हिमाचल अभी अभी

ABHI ABHI

नई सोच नई खोज

साप्ताहिक

/himachal.abhiabhi @himachal_abhi

RNI No. HPHIN/2015/68432 वर्ष 12 अंक 1 कांगड़ा। शनिवार, 07 मार्च -13 मार्च, 2026 www.himachalabhiabhi.com तदनुसार 24 फाल्गुन, विक्रमी संवत् 2082 कुल पृष्ठ 4 मूल्य ₹5 Postal Regn.No. DGPUR/26/24-26

चैत्र नवरात्र में मां दुर्गा का आराधना

-पढ़ें पेज 4

हिमाचल में सेना भर्ती को बढ़ावा, सरकार ने रैलियों के लिए मंजूर किए 2.28 करोड़

■ संजू चौधरी/शिमला

- सरकार ने पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए 17 करोड़ रुपये प्रदान किए
- मेजर सोमनाथ अकादमी के सुदृढ़ीकरण के लिए 10.26 करोड़ का प्रावधान
- हिमाचल जैसे छोटे राज्य के पूर्व सैनिक और उनके परिवार हमारा गौरव

सीएम सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि भारतीय सेना में भर्ती होने के लिए युवाओं को प्रोत्साहित करने के ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। कांगड़ा, मंडी, हमीरपुर और शिमला में सेना भर्ती रैलियों के आयोजन के लिए 2.28 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। यह पहल युवाओं में देशभक्ति की भावना को मजबूत करेगी और उन्हें सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करेगी। सरकार पूर्व सैनिकों, वीरता पदक विजेताओं तथा शहीदों के आश्रितों के कल्याण और सम्मान के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। प्रदेश के पूर्व सैनिक और उनके परिवार राज्य के गौरव हैं।

सीएम ने कहा कि वर्तमान वित्त वर्ष के दौरान विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत कुल 2,263 लाभार्थियों को 17 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। इनमें से 968 वृद्धावस्था पेंशनरों को 6.12 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई है। 1,084 वीरता पदक विजेताओं को 3 करोड़ रुपये का मानदेय दिया गया है। वहीं, शहीद अथवा युद्ध में शहीद हुए सैनिकों के 57 आश्रितों को 7.62 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। 154 युद्ध जागीर लाभार्थियों को 20.83 लाख रुपये प्रदान किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि हिमाचल जैसे छोटे राज्य के लिए यह गर्व का विषय है कि प्रदेश के चार सैनिकों को परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया है। राज्य के वीर सैनिकों ने राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है और सरकार सभी पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों के सम्मान और सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025-26 के लिए मंडी जिला के बरछवाड़ स्थित मेजर सोमनाथ प्रशिक्षण अकादमी के सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार के लिए 10.26 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह अकादमी युवाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं प्रतिस्पर्धी प्रशिक्षण प्रदान कर रही है, जिससे वे सशस्त्र बलों में भर्ती के लिए प्रभावी ढंग से तैयार हो सकें।

YouTube देखें वीडियो